वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi- 110 001

सं 6-9(150)/2024-ई-3

Dated 06.08.2024

सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों के निदेशक/प्रमुख

महोदय/महोदया

विगत वर्षो की भांति, सीएसआईआर मुख्यालय तथा इसकी प्रयोगशालाएं / संस्थान इस वर्ष भी 26 सितम्बर, 2024 (गुरुवार) को सीएसआईआर स्थापना दिवस का आयोजन करेंगे। स्थापना दिवस एक ओपन डे होगा और इस अवसर पर प्रयोगशालाएं/संस्थान प्रदर्शनियों का आयोजन कर सकते है तथा विघार्थियों और जन सामान्य को आमंत्रित किया जा सकता है ताकि वे प्रयोगशालाओं /संस्थानों को देख सके एवं वैज्ञानिकों के साथ संवाद /वार्तालाप कर सकें। सीएसआईआर स्थापना दिवस के आयोजन संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि सीएसआईआर स्थापना दिवस को पूरे जोश तथा हर्षोल्लास के साथ मनाएं और स्थापना दिवस समारोह का सार तथा तद्विषयक कार्यकमों, पुरस्कारों इत्यादि संबंधी सूचना /जानकारी इस कार्यालय को भेजें।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
वरिष्ठ उप सचिव (के.का.)

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

Phones : EPABX-23710138, 23710144, 23710158, 23710468, 23710805, 23711251, 23714238, 23714249, 23714769, 23715303
Fax : 91-11-23714788
Website : http://www.csir.res.in

दिनांक 26.09.2024 को 83 वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश

1. प्रयोगशाला/संस्थान द्वारा कर्मचारियों एवं उनके बच्चों की पात्र श्रेणियों को निम्नांकित पुरस्कार/स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगेः-

(i) इस अवसर पर परिषद के ऐसे कर्मचारी जिन्होंने सितंबर, 2023 और अगस्त, 2024 के बीच सीएसआईआर की सतत् सेवा के 25 वर्ष पूरे किए हों और दिनांक 26.09.2024 को सीएसआईआर नामावली में हों (अन्य संगठन में की गई सेवा को सम्मिलित नहीं किया जाएगा), उन्हें रु.1500/- तक की कीमत की सीएसआईआर लोगो वाली कलाई- घड़ी या कोई अन्य स्मृति चिह्न। केवल कैंटीन कर्मचारियों के संबंध में उनके द्वारा सीएसआईआर की कैंटीनों में अक्तूबर, 1991 से पहले की गई नियमित सेवा को पात्रता हेतु गिना जाएगा;

(ii) परिषद की सेवा से सितंबर, 2023 और अगस्त, 2024 के बीच अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त कार्मिकों को उक्त उल्लिखित सीएसआईआर के लोगो वाली कलाई घड़ी या कोई अन्य स्मृति चिह्न के अलावा रु.1750/- के मूल्य की एक शॉल तथा सम्मान पत्र । 30 वर्ष की सेवा के उपरांत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वालो को भी स्मृति चिन्ह दिया जाएगा:

(iii) वर्ष 2024 में आईआईटी में बी.टेक या इन्टीग्रेटिड एम. एससी. पाठ्यक्रम में, सामान्य प्रवेश परीक्षा (ब) के माध्यम से आईआईएम में प्रबन्धन में द्विवर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) में तथा प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एआईआईएमएस, नई दिल्ली में एमबीबीएस पाठ्यक्रम तथा एएफएमसी, पुणे में प्रवेश प्राप्त करने वाले सीएसआईआर के कर्मचारियों के बच्चों को रुपये 1,500/- प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्तिः

(iv) सीनियर सेकेंडरी परीक्षा (12वीं कक्षा) 2024 में कम से कम तीन विज्ञान विषयों में प्रत्येक में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सीएसआईआर के कर्मचारियों के बच्चों को रुपये 3000/- का एकमुश्त नकद पुरस्कारः

(V) वर्ष 2024 में सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में किसी विज्ञान विषय में 100% अंक प्राप्त करने वाले सीएसआईआर के कर्मचारियों के बच्चों को रुपये 2000/- का एकमुश्त नकद पुरस्कारः

(vi) उक्त (iv) तथा (V) दोनों को उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को दोनों नकद पुरस्कार अलग- अलग दिए जाएंगे ।

2. पात्र कार्मिकों की सूची तैयार करते समय, कृपया यह ध्यान रखा जाए कि वह कर्मचारी स्मृति चिह्न के लिए पात्र नहीं होगा जिसे गत पांच वर्षों में:-

(क) निलंबित किया गया हो लेकिन बहाली/दोषमुक्त न किया गया हो; या
(ख) अनुशासनिक कार्यवाही की गई हो लेकिन आरोप मुक्त न किया हो; या
(ग) एसीआर/एपीएआर की प्रतिकूल प्रविष्टियों की सूचना दी गई हो लेकिन अंतिम

डीपीसी/मूल्यांकन की तारीख, जो भी पहले हो से उन्हे निकाला न गया हो :

कृपया यह ध्यान दिया जाए कि पैरा 2 में उल्लिखित उपयुक्त स्थितियां कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के लिए समान हैं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भी लागू हैं, जैसा कि दिनांक 17 अगस्त, 2007 के पत्रांक 6-9(150)/2007-ई.111 के द्वारा पूर्व में सूचित किया गया था ।

3. यदि कोई कर्मचारी जिसने 25 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, वह एक वर्ष या अधिक वर्ष की निरंतर अवधि हेतु प्रतिनियुक्ति/असाधारण छुट्टी या विदेश सेवा नियुक्ति, अध्ययन छुट्टी, सबैटिकल छुट्टी पर पहले ही चले गए हो अथवा जाने की संभावना हो और 'सीएसआईआर स्थापना दिवस 2024' पर उसके उपस्थित रहने की संभावना न हो. उसका नाम उस वर्ष की सूची में सम्मिलित किया जा सकता है जिसमें वह अगले तथा उत्तरवर्ती सीएसआईआर स्थापना दिवस पर उपस्थित होगा ।

4. छात्रवृत्ति, नकद पुरस्कार आदि के उद्देश्य हेतु संबंधित प्रयोगशाला/संस्थान द्वारा दस्तावेजों का आवश्यक सत्यापन किया जाएगा। तथापि छात्रवृत्ति/नकद पुरस्कार आदि हेतु पात्र पाए गए कर्मचारियों के बच्चों की सूची रिकार्ड हेतु मुख्यालय को भेजी जाए। इसके अतिरिक्त, यह निर्णय लिया गया है कि स्थापना दिवस पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान किए

जाने वाले सम्मान पत्र प्रयोगशाला/संस्थान स्तर पर तैयार किए जाएं। इन सम्मान पत्रों की एकरूपता बनाए रखने के लिए नमूना प्रमाण पत्र की प्रति इसके साथ संलग्न है। इन सम्मान पत्रों पर संबंधित प्रयोगशालाओं/संस्थानों के प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों और 30 वर्ष की सेवा करने के बाद पिछले वर्ष के दौरान स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की सूची रिकार्ड हेतु मुख्यालय को भेजी जाए ।

5. सम्मान पत्र, शॉल, घड़ियों और योग्यता छात्रवृत्ति आदि से संबंधित सभी उपरोक्त व्यय संबंधित प्रयोगशालाओं द्वारा पी 922005 (पुनर्प्राप्ति प्रमुख) के तहत दर्ज किए जा सकते हैं और सीएसआईआर मुख्यालय से recouped किए जा सकते हैं। सभी बिल संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर के पक्ष में जारी किए जा सकते हैं और केंद्रीय कार्यालय, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजे जा सकते हैं।

6. सीएसआईआर मुख्यालय के मामले में, व्यय सीधे संबंधित प्रमुखों के तहत दर्ज किया जाएगा।